**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.05.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश की सम्पदा के लाभों से वंचित सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है। बंजार के देहुरी में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी दरवाजे बंद कर दिए हैं और सार्वजनिक धन को लूटने से बचाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी बचत से चरणबद्ध तरीके से महिलाओं को 15 सौ रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जब दिल्ली व हरियाणा राज्य 14 साल से लंबित बीबीएमबी का एरियर हिमाचल प्रदेश को देने का शपथ पत्र सुप्रीम कोर्ट दायर करेंगे तभी किशाऊ बांध पर आगे बातचीत होगी।

***हरियाणा सरकार पानी चाहती है। इसमें कोई दो राय नहीं हम आपकों पानीं देंगे, आम हमारे भाई है लेकिन 14 साल से बी.बी.एम.बी.का जो एरियर है जिसमें हरियाणा भी अंड़गे अड़ा रहा है, पंजाब भी अंड़गे अड़ा रहा है। हमने कहा हरियाणा को 50 प्रतिशत पानी किशाऊ बांध से पानी मिला है। आप पहले हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में जो सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल को हक दिया है कि जो एरियर का पैसा उसको मिलना चाहिए, आप उसका एफेडेविट सुप्रीम कोर्ट में जमा करवाईए तब हम किशाऊ बांध पर आगे बढ़ेंगे।***

इस बीच मुख्यमंत्री ने बीती रात कुल्लू जिला के शरची गाँव में सरकार गाँव के द्वार और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

सीमापार से आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने और आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलेंस का संदेश देने के लिए भारत के बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल इन दिनों अलग–अलग देशों की यात्रा पर हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर पनामा में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पनामा में भारतीय दूतावास में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृढ़ रवैये की पुनः पुष्टि की है। शशि थरूर ने कहा कि देश किसी भी आतंकी हमले का सख्ती से जवाब देगा। दक्षिण अफ्रीका में सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अफ्रीकी संसद और दक्षिण अफ्रीकी सरकार के मंत्रियों के साथ बैठक की।

**एमएसपी**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सीजन 2025–26 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देशभर के किसानों के कल्याण के लिए केन्द्र सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और इसी दिशा में 2025–26 के खरीफ सीजन के लिए धान, तिलहन व दलहन सहित 14 फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इससे अन्नदाताओं की कमाई बढ़ने के साथ इन फसलों का उत्पादन भी बढ़ेगा।

**कोरोना सर्तकता**

हिमाचल के साथ लगते राज्यों में एक बार फिर कोरोना बीमारी के मरीज मिलने के बाद प्रदेश में भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। चम्बा जिला में कोरोना के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चम्बा के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जालम भारद्वाज ने बताया कि जिले में अभी तक कोरोना का कोई भी मामला सामने नहीं आया है लेकिन एहतियातन स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर मुस्तैद है।

*हमारी तैयारियां ऑलमोस्ट कम्पलीट है, वी आर फुली प्रीपेअरड, हमारे पास पीएससी प्लांट भी इन्स्टॉलड है, फंक्शनल है ऑक्सीजन जो कंन्सट्रेटर है वो भी हमारे पास सफिशयेंट मात्रा में है। जो एसेंशियल ड्रग लिस्ट है वो भी सफिशियेंट हमारे पास बैड कपेस्टी भी काफी है। ये सब जो कोविड से रिलेटिड जो हमारी लॉजिस्टिक है, मेडिसन है, इक्विपमेंट है, सारे है और फुली फंक्शनल है। इन केस अगर जरूरत पड़ती है तो हम सब तैयार है।*

**सुर्खियां समाचार पत्रों से..**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। बिमल नेगी मौत मामले पर अमर उजाला का शीर्षक है– **सी.बी.आई ने कब्जे में लिया रिकार्ड, लाइव स्ट्रीमिंग पर संज्ञान से हाईकोर्ट का इंकार–दिल्ली से आज सकती है टीम–शिमला की सी.बी.आई टीम एस.पी. ऑफिस से सील्ड कवर में ले गई दस्तावेज। दैनिक भास्कर के शब्द हैं– शिमला पुलिस तैयार कर रही 25 हज़ार पन्नों की रिपोर्ट**–पंजाब केसरी की सुर्खी है–**बंजार में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि की राशि जारी–विधवा महिलाआं की बेटियां भी योजना के अंतर्गत होगी लाभान्वित** जबकि हिमाचल दस्तक लिखता है– **सी.एम ने 2 हजार 2 सौ 38 महिलाओं के खातों में डाली एक करोड़ 71 हजार रूपये की राशि। दैनिक जागरण मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है–भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर सार्वजनिक धन लुटने से बचाया।** अखबार की एक अन्य खबर है–**ईडी से कराएं ऊर्जा निगम में वित्तीय अनियमितताओं**

**की जांच–राज्यपाल शिव प्रताव शुक्ल से मिला भाजपा विधायक दल। बी.बी.एम.बी एरियर पर शपथपत्र के बाद ही देंगे किशाऊ बांध का पानी शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है**–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की दिल्ली व हरियाणा को दो टूक चेतावनी।

**नमस्कार।**